दिनांक 16.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर निगम, भिलाई क्षेत्र में संचालित भवनहिन आंगनबाडी केन्द्रों को भवन उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमशीला साहू के प्रयासों से 9 आंगनबाडी केन्द्रों के लिए अंठावन लाख पांच हजार रूपये की स्वीकृति जिला खनिज निधि के तहत प्रदान किया गया है।

भिलाई नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 43 स्टेशन मरौदा शासकीय स्कूल के सामने स्टेशन मरौदा में ,वार्ड 44 मरौदा केम्प मौहारी भाठा शासकीय स्कूल के सामने टंकी मरौदा,वार्ड 63 रूआबांधा बस्ती सत्यम चौक के पास, बजरंग पारा आजाद चौक के पास, रूआबांधा बस्ती दुर्गापारा दुर्गा चौक के पास, वार्ड 60 रिसाली बस्ती सतनामी पारा रिसाली, वार्ड 39 पुरैना डाक बंगला स्कूल परिसर स्टोर पारा शिव मंदिर के पास पुरैना–स मछली मार्केट के पास, आंगनबाडी केन्द्रो के नवीन स्वीकृत भवनों का निर्माण किया जाना है। जिसमें प्रत्येक आंगनबाडी भवन की लागत छः लाख पैंतालिस हजार रूपये होंगी इस प्रकार सभी आगनबाडी केन्द्रों के लिए अंठावन लाख पांच हजार रूपये स्वीकृति जिला खनिज निधि से प्रदान की गई है। जिसका निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रांरभ होगा ।

जन सम्पर्क विभाग